This question paper contains 4 printed pages.]

आपका अनुक्रमांक ....

557

B.A. (Programme) / III

B

(Application Course)

रचनात्मक लेखन – हिन्दी

(प्रवेश-वर्ष 2004 और तत्पश्चात्)

समय : 3 घण्टे **पूर्णांक : 50**

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

नोट : (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(ii) एक प्रश्न के सभी अनुभागों का उत्तर एक स्थान पर दें ।

1. निम्नलिखित किन्हीं **पाँच** अवधारणाओं को **100** शब्दों में स्पष्ट कीजिए : **5 × 2 = 10**

(i) रचनाकार का स्वानुभूत ।

(ii) साहित्य रचना का लक्ष्य ।

(iii) साहित्य समाज का दर्पण है ।

(iv) रचनात्मकता से तात्पर्य ।

(v) पॉपुलर कल्चर और रचनात्मकता ।

(vi) तीन क्षणों की यात्रा – रचना प्रक्रिया ।

(vii) साहित्य की भाषा और लोक व्यवहार की भाषा ।

(viii) जहाँ न पहुँचे रवि, वहाँ पहुँचे कवि ।

(ix) कवि पैदा होता है अथवा बनाया जाता है ।

(x) सुपर बाइक का दम, दाम फिर भी कम ।

2\. (क) किन्हीं छः उद्धरणों में यथानिर्दिष्ट विशेषताओं को चिह्नित कीजिए : $6 \times \frac{1}{2} = 3$

(i) मेरो रे मनमोहन ललना, मधुबन से कब आओगे । (अनुप्रास)

(ii) चाँद-सा सूरज दिखा । (उपमा)

(iii) जो जन करते नमन हैं, उन्नत होते वे सदा । (विरोधाभास)

(iv) प्रचार में पानी की तरह पैसा बहायेंगी पार्टियाँ । (मुहावरा)

(v) सुख-दुःख जीवन के दो पहलू हैं । (विलोम)

(vi) ओए राजू मज़ाक न करियो, भाई गुस्सा होता है । (अनौपचारिक भाषा)

(vii) रूखी री यह डाल वसन बासंती लेगी । (प्रतीक)

(viii) नंदीग्राम की भूल, की जानी चाहिए कबूल । (तुक, अन्त्यांनुप्रास)

(ix) उसके पेट में चूहे कूद रहे हैं । (लक्षणा शब्दशक्ति)

(x) दूध हुआ मंहगा । (तद्भव)

(ख) किन्हीं **तीन** भाषा-प्रयोगों की विशेषताएँ बताइए : $3 \times 1 = 3$

श्लेष, प्रतीक, मानक भाषा, तद्भव प्रयोग, छंद, औपचारिक शैली

(ग) किन्हीं **दो** अवधारणाओं पर लगभग **75-75** शब्दों में सोदाहरण टिप्पणी लिखिए : $2 \times 2 = 4$

लय, मानवीकरण, अभिधा शब्दशक्ति, गद्य-पद्य का अंतर

3. (क) किसी **एक** के रचनात्मक सौंदर्य का विश्लेषण कीजिए : 9

पुश्तैनी पूँजी सपनों की
हाड़-मांस के धन्धे,
हाथों से मुख तक की दूरी
मोड़ अटपटे अंधे ।
काई लगे फर्श पर
कब से
पांव उभार रहे ।
रामदीन से
रमदीनवाँ तक
हर औकात समोते,
कंधे हुए निढाल
दूसरों की बंदूकें ढोते ।

अथवा

"कुछ भी नहीं कर सकते । तुम्हारी आँखों पर चेहरे लटक रहे हैं । तुमने उन महापुरुषों को भुला दिया, जिन्होंने हमारे लिए इतनी-इतनी यातनाएँ सहीं । वे कर्म, वे त्याग, वे आशीष, जिन्हें कुचल कर हम यहाँ बढ़ आए हैं, वे हमें कभी चैन से नहीं रहने देंगे ।

चाहे हम कितनी ही लफ्फाज़ी करें । अखबारों में मुंह छिपाए कोई पागल हमें घूर रहा है । हम वह नहीं, जो करते हैं । हम वह नहीं, जो दीखते हैं । हम वह नहीं जो कहते हैं । ऐसा किसने किया ? अब कहां, कैसे छिपाओगे अपने चेहरे ?"

(ख) किन्हीं **तीन** अवधारणाओं को लगभग **75-75** शब्दों में स्पष्ट कीजिए : $3 \times 2 = 6$

कविता में अंतर्वस्तु, नवगीत, बालकविता का लक्ष्य, कहानी और उपन्यास में अंतर, बाल मनोविज्ञान और कहानी, संकलन त्रय ।

4. (अ) रेडियो समाचार और टेलीविजन समाचार में अंतर स्पष्ट कीजिए । 4

अथवा

धारावाहिक लेखन के मूल तत्त्वों पर प्रकाश डालिए ।

(ब) किसी **एक** विषय पर **150** शब्दों में फीचर लेखन कीजिए :

वर्ल्डकप क्रिकेट 2011, जापान में सुनामी का कहर, आतंकवाद सिर्फ़ आतंकवाद है । 3

(स) फिल्म 'दबंग' या 'पीपली लाइव' **अथवा** हाल ही में अपनी पढ़ी किसी पुस्तक की समीक्षा कीजिए । 3

5. (क) लेखक-पाटक संबंध पर विचार कीजिए । 3

अथवा

सम्पादक में किन गुणों का होना आवश्यक है । तर्क संगत उत्तर दीजिए ।

(ख) निम्नलिखित उद्धरण का आवश्यक चिह्नों सहित प्रूफ-शोधन कीजिए : 2

अप बताइएंगे कि हाल ही में सूपरहीट फिल्लम 'कोइ मील गाया' की सूटींग भी झीलों के ईसी सहर में हुई थी । इससे पटकथा में रोचाकता पैदा होति है । याद राखिए बातरास भी एक रीस होता है ।